तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 23 मई 2026



10 स्वास्थ्य विभाग ने 48 कैंप लगा 66 हजार 523.....






10 विद्यालयों के नियमित निरीक्षण से ही शिक्षा...









## खबर संक्षेप

### घर में घुस हमला करने पर सात पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव हरिगढ़ में खेत में निशानदेही को लेकर विवाद मे मारपीट करने ने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव हरिगढ़ निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका जमीन लेकर प्रमोद परिवार से विवाद चल रहा है। गत दस मई को दोनों पक्षों के बाद पिल्लर लगा दिए थे। रात को प्रमोद ने पिल्लर को सरका दिया। आरोपित ने उसे खेत में बुला कर मारपीट की। जिसमें उसके परिवार को चोटें आई।

### गांव कसूहन में प्रशासन का रात्रि ठहराव 25 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में 25 मई को उचाना खंड के कसूहन गांव के राजकीय वमावि में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगराधीश एवं जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने दी। नगराधीश ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे और गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में काफी मददगार सिद्ध होगा।

### बाप व बेटे से मारपीट करने पर दो नामजद

**जींद।** रामबीर कालोनी में बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रामबीर कालोनी निवासी भैरोलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके बेटे सुनील के साथ पड़ोसी मनीष तथा शुभम के बीच कहासुनी हो गई थी। गत दिवस वह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। उसी दौरान रास्ते में मनीष तथा शुभम ने हमला कर दिया। जिसमें दोनों को चोटें आई।

### दुकान का ताला तोड़कर सामान चुराया, केस दर्ज

**जींद।** गांव फरैण कलां में दुकान का ताला तोड़ कर नगदी, कोल्ड ड्रिंक, गैस सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

गांव फरैण कलां निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के बस अड्डे पर दुकान खोली हुई है। बीती रात चोरों ने दुकान का तोड़ कर अढाई हजार की नगदी, दो गैस सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरी, कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान को चोरी कर लिया। पूर्व में भी दुकान में चोरी हो चुकी है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### हत्या के गवाह को धमकाने पर केस

**जींद।** गांव सरफाबाद में हत्या के मामले में गवाह को धमकी देने पर सदर थाना सफीदो पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर 20 अन्य के खिलाफ मारपीट करने शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव सरफाबाद निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ मई 2025 को उसके भाई विक्की की हत्या कर दी गई थी। जिसके चलते उनका गांव हाट निवासी राहुल से विवाद चला आ रहा है। वह विक्की हत्या कांड में गवाह भी है। आरोपित जेल से जमानत पर आया हुआ है

## एसी की खराब वायरिंग बनी आगजनी का कारण

# अस्पताल में आग से मचा हड़कंप मरीजों को सकुशल बाहर निकाला

### समय-समय पर यंत्रों की जांच करवाने का किया आह्वान

**दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने पाया काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के लघु सचिवालय के निकट स्थित श्री जयप्रकाश अस्पताल में शुक्रवार दोपहर को आग लगने के कारण हड़कंप मच गया। आगजनी का कारण एसी की वायरिंग खराब होने के कारण बताया जा रहा है। जिस समय अस्पताल में आग लगी उसमें मरीज भी उपस्थित थे लेकिन सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया।

जिला दमकल केंद्र के इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि अस्पताल में आग लगी है। सूचना मिलते ही वे अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा दो गाड़ियों ने तुरंत प्रभाव से आग पर काबू पाया । देखने वाली बात ये भी रही कि अस्पताल में अग्नि रोधी यंत्र तो लगे हैं लेकिन इसके बावजूद भी आग भभक गई। दमकल के अंदर इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि कैथल के कई अस्पतालों व अन्य शिक्षण संस्थानों में अग्निशमक यंत्र तो लगाए गए हैं लेकिन उनके लिए विशेषज्ञ नहीं है जो उसको सही तरीके से ऑपरेट कर सके। इसके साथ ही अग्निशमन यंत्रों को कई-कई सालों तक उनकी मरम्मत न होने के कारण जाम हो जाते हैं या उन्हें जंग भी लग जाता है। ऐसे में संबंधित अस्पताल संचालक या उच्च अधिकारियों को चाहिए कि वे समय-समय पर इन यंत्रों की जांच करवाते रहें ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।



**कैथल।** आगजनी से अस्पताल में जला सामान। *फोटो :हरिभूमि*

**मरीजों को सकुशल निकाला**

अस्पताल संचालक डा. अरविंद ने बताया कि एसी की वायरिंग के कारण आगजनी की घटना हुई है। दमकल कर्मचारियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। आग के कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। सभी मरीजों को सकुशल बाहर निकाल लिया था।

## शॉर्ट सर्किट से तूड़ी के सौ से ज्यादा कूप जले

- सफीदों, जींद, असंध की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पाजूखुर्द से सिंघाना रोड पर डेढ़ एकड भूमि के भंडारण की गई तूड़ी के कूपों में आग लग गई। जिसके चलते सौ के लगभग तूड़ी से भरे कूप जल कर राख हो गए। आग के पीछे ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग की सूचना पाकर सफीदों, असंध तथा जींद से फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसमें लाखों के नुकसान का आकंलन किया जा रहा है। गांव पाजू खुर्द निवासी जयबीर ने गांव से कुछ दूर सिंघाना रोड पर डेढ़ एकड़ भूमि में तूड़ी खरीद कर व्यापार के उद्देश्य से कूप लगाए हुए थे। शुक्रवार दोपहर को तूड़ी के कूपों में आग भड़क उठी। भीष्ण गर्मी तथा तेज हवा से आग तेजी से फैलने लगी। कूपों में आग भड़की देख ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। सूचना मिलने पर सफीदों तहसीलदार राजेश गर्ग, सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और सफीदों, असंध तथा जींद से फायर बिग्रेड की गाडियां बुलाई गई। जिन्होंने चार घंटे की मशक्त के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग से सौ से ज्यादा तूड़ी के कूप जल कर राख हो चुके थे। जिसमें लाखों क्विंटल तूड़ी थी। जिससे उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। तहसीदार जयबीर को हरसंभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया है।



**जींद।** मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

## जींद: नागरिक अस्पताल में 15 दिन में तीसरी महिला की मौत

### घोघडियां की मधु ने दिया था लड़के को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को उस समय हडकंप मच गया जब उपचार के लिए आई 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हालांकि मृतक महिला की 15 मई को नागरिक अस्पताल में ही डिलीवरी हुई थी। अस्पताल प्रशासन ने चार दिन महिला को अस्पताल में भर्ती रखा। उसके बाद मां व बेटे को छुट्टी दे दी गई। जब महिला को अस्पताल से छुट्टी दी, उस समय उसे बुखार था। शुक्रवार सुबह नौ बजे के आसपास महिला को बुखार होने पर परिजन नागरिक अस्पताल लेकर आए थे। यहां महिला को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले भी आठ मई को नागरिक अस्पताल में दो गर्भवती महिलाओं की मौत हुई थी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार महिला जिस समय अस्पताल में लाई गई, उस समय उसकी मौत हो चुकी है। इस महिला की 15 मई को नागरिक अस्पताल में ही डिलीवरी हुई थी। घोघडियां निवासी राकेश की पत्नी मधु (32) को गत 15 मई को नागरिक अस्पताल में प्रसव पीड़ा के दौरान दाखिल करवाया गया था। मधु ने अस्पताल में लड़के को जन्म दिया। अस्पताल प्रशासन ने मधु व बच्चे को चार दिन तक अस्पताल में ही दाखिल रखा। इसके बाद उसे छुट्टी दे दी गई। जिस समय मधु को छुट्टी दी गई, उसे बुखार की शिकायत थी। अब तीन दिन से मधु व उसका बच्चा घर पर सही सलामत थे। राकेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे के आसपास उसकी पत्नी को बुखार की शिकायत हुई। उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने लगी तो वह उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा। यहां पर चिकित्सकों ने मधु को मृत घोषित कर दिया।

**जांच करवाई जा रही**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि महिला की मौत को लेकर विभागीय जांच करवाई जा रही है। यदि इसमें किसी चिकित्सक की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जब महिला को अस्पताल में लाया गया था तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बावजूद विभागीय जांच शुरू कर दी है। महिलाओं की डिलीवरी के समय के कागजात भी चेक किए जा रहे हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### मनरेगा मजदूर से दुष्कर्म पूर्व सरपंच संग 3 पर केस

**जींद।** सदर थाना नरवाना इलाके में मनरेगा महिला मजदूर के साथ गांव के पूर्व सरपंच द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जिसमें मनरेगा मेट तथा एक अन्य भी आरोपित का सहयोग करने, मैसेज भेजने का आरोप है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पूर्व सरपंच समेत तीन के खिलाफ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ माह पहले उसकी गांव के ही मनरेगा मेट अनिल के साथ काम को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते अनिल ने गांव के पूर्व सरपंच रामभज के साथ मिल कर योजना बनाई। रामभज ने गत 25 फरवरी को काम के बहाने उसे खेत में बुलाया। आरोपित ने खेत में बने कमरे उसके साथ दुष्कर्म किया और लगभग अढ़ाई घंटे तक बंधक बना कर रखा। बाद में आरोपित उसे कार में छोड़ गया और घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

## रिश्तेदार बन 12.40 लाख की ठगी का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रिश्तेदार बनकर लाखों रुपये की ठगी करने के एक मामले में थाना साइबर क्राइम टीम इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार द्वारा आरोपी गांव देवग्राम जिला उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल निवासी आरोपी जयदेव बर्मन को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते बताया कि गांव फरल थाना पुंडरी निवासी गुरचरण सिंह कि शिकायत अनुसार 8 जनवरी 2026 को उसके मोबाइल नंबर पर विदेश नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को उसका रिश्तेदार "लवली" बताकर बातचीत शुरू की। उसने कहा कि वह इंग्लैंड में रहता है और भारत आने वाला है। उसने भरोसा जीतते हुए उससे बैंक खाता नंबर मांगा ताकि वह विदेश से रुपये भेज सके।

**झूठा दावा किया**

उसने विश्वास में आकर अपना केनरा बैंक खाता नंबर उसको भेज दिया। इसके बाद उसने ने झूठा दावा किया कि उसने 14 लाख 65 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए हैं। थोड़ी देर बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर फोन किया और कहा कि विदेश से पैसे 24 घंटे में खाते में पहुंचेंगे। इसके बाद लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर उसको विभिन्न बहानों से पैसे भेजने के लिए कहा। कभी टिकट बुकिंग, कभी अतिरिक्त सामान का टैक्स, कभी मां की बीमारी, तो कभी वीजा बढ़वाने के नाम पर रुपये मांगे गए। उसने विश्वास में आकर अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस व अन्य माध्यमों से कुल 12 लाख 40 हजार रुपये आरोपियों द्वारा बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

### बस की टक्कर से घायल स्कूटी सवार ने तोड़ा दम

**जींद।** नरवाना के कोर्ट मोड़ पर परिवहन समिति बस की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हिसार के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या है मामला:गांव ढाबी टेक सिंह निवासी मनीराम (70) तथा गांव फरैण कलां निवासी अलबेल सिंह गत 19 मई को स्कूटी पर सवार हो कर कार्यवश नरवाना जा रहे थे। जब दोनों नरवाना के रजबाहे रोड से कोर्ट मोड़ की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान नेशनल हाइवे पर बस अड्डा की तरफ से आ रही परिवहन समिति बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। दोनों की हालात के देखते हुए पहले नरवाना फिर हिसार के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर अलबेल सिंह को दाखिल कर लिया गया। जबकि मनी राम की गंभीर हाल में चंडीगढ पीजीआई ले जाया गया।

## कैथल: विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये ठगी का आरोपी दबोचा

- व्यापक पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के एक मामले की जांच एंटी एमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी दाना मंडी लुधियाना निवासी जगजीत सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव सेर जिला कैथल निवासी गुरुदेव सिंह कि शिकायत अनुसार उसके गांव में प्यारा सिंह कपड़ा बेचने के लिए आता था, जिसने उसके पिता को कहा कि उसका भतीजा व उसके जानकार विदेश भेजने का काम करते हैं। प्यार सिंह के भतीजे ने उनकी मुलाकात जगजीत व अन्य से करवाई। जिन्होंने कहा कि वो उसके लड़के को भी इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया भेज देगें जिससे वह उनसे गांव पीडल में मिले वह कागजात दे दिए। जिससे कुछ दिन बाद आरोपियों ने कहा कि तुम्हारा यूके के वीजा अप्लाई किया हैं बायोमेट्रिक के लिए 20 हजार रुपये मागें। जिसके कुछ दिनों बाद वीजा, टिकट आदि को लेकर आरोपियों ने उससे कुल 14 लाख रुपये की ठगी की। उसके द्वारा पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दी और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी से व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया हैं।

**अध्यापिका से 14.33 लाख ठगे**

**कैथल।** साइबर ठगों ने निजी स्कूल की संगीत अध्यापिका से वर्क फ्रॉम होम और पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 14.33 लाख की ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में अशोका गार्डन कॉलोनी निवासी मनीषा अग्रवाल ने वह जाट स्कूल कैथल में संगीत अध्यापिका हैं। 4 मई 2026 को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां पार्ट टाइम जॉब के नाम पर टेलीग्राम लिंक भेजा गया। इसके बाद मीनाक्षी अय्यर नाम की महिला ने उनसे संपर्क किया और वीडियो लाइक करने व स्क्रीनशॉट भेजने जैसे छोटे टास्क देकर शुरुआत में कुछ पैसे भी ट्रांसफर किए। शुरुआत में 50 हजार 150 और 300 रुपए भेजकर उनका विश्वास जीता गया। बाद में टास्क के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में पैसे जमा करवाने शुरू कर दिए गए।

## दोपहर को सड़कें सुनसान तो बाजार में छाई वीरानगी, राहत के नहीं आसार

# मौसम का मिजाज गर्म, हवा के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित

- अधिकतम तापमान पहुंचा 41 पर, अभी राहत के आसार नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। 41 डिग्री पहुंचे तापमान तथा गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त रह रहा है। दोपहर को गलियों व सड़कोंपर वीरानगी छा गई है वहीं बाजार भी सुनसान नजर आ रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को राहत यह रही कि अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट रही। अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 19 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही हैं। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का प्रयोग करें। स्वच्छता का ध्यान रखें और शरीर को ढांप कर रखें। गर्मी में बाहर निकलने से परेहज करें। वहीं गर्मी का असर पशुओं पर भी दिख रहा है और दूध कम हो रहा है। पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। तापमान 44 डिग्री तक जा पहुंचा है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिला। गर्मी से काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं, दिन चढने के साथ मौसम गर्माने लगता है, दोपहर तक हालात यहां तक हो जाते हैं कि सड़के तथा गलियां सुनसान नजर आने लगती हैं। बाजार में ग्राहक दिखाई नहीं दे रहे हैं। भीष्ण गर्मी के चलते पंखे तथा कूलर लोगों का सहारा बने हुए हैं। शुक्रवार को को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोत्तरी होनी शुरु हो गई।



**जींद।** बिजली सप्लाई ठीक करते निगम कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

**धूप में बाहर निकलने से परहेज करें**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान ज्यादा जा रहा है, ऐसे हालात में कोई भी गर्मी की चपेट आ सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि तेज धूप में निकलने से परहेज करें। ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थ लें और स्वच्छता का ध्यान रखें। घर से निकले तो अपने शरीर को कपड़े से ढांप कर रखें।

## प्राइवेट स्कूल की वैन पलटी, चालक सहित स्कूल प्रबंधक पर एफआईआर

- चालक शराब के नशे में होने का आरोप, तीन छात्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ईक्कस से ढाणी रोड पर स्कूल वैन पलटने के मामले में सदर थाना पुलिस ने स्कूल संचालक तथा वैन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना की तीन छात्र घायल हुए हैं। गांव बीड़ वाली ढाणी निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बच्चे पटियाला चौक के निकट डीएस स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल वैन पर मनोज कुमार चालक है। जो शराब पीता है। गत दिवस चालक मनोज शराब के नशे में बच्चों को लेकर उन्हें गांव छोड़ने जा रहा था। गांव ईक्कस से ढाणी रोड पर स्कूल वैन पलट गई। जिसमें दो बच्चों समेत तीन बच्चे घायल हो गए। जबकि अन्य को हल्की चोटें आई। अशोक ने आरोप लगाया कि स्कूल संचालक फूल कुमार को पहले ही चालक मनोज के बारे में बताया था। बावजूद इसके स्कूल संचालक ने कोई ध्यान नही दिया। सदर थाना पुलिस ने अशोक की शिकायत पर स्कूल वैन चालक मनोज कुमार, स्कूल संचालक फूल कुमार के खिलाफ लापरवाही, आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन आज

**नरवाना।** देश में बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ नरवाना कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा जाएगा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य के सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया शनिवार को नरवाना की पब्लिक धर्मशाला में सुबह 9 बजे धरने का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में रोष प्रदर्शन निकाला जाएगा और राष्ट्रपति के नाम स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जेल में पांच दिवसीय योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण संपन्न

**जींद।** जिला जेल परिसर में चल रहे पांच दिवसीय योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में महिला एवं पुरुष बंदियों को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दियागया। मुख्यातिथि के तौर पर जेल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने शिरकत की। आयुष विभाग जींद से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश, योग विशेषज्ञ गोविंदा के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आयुष योग सहायक कुलदीप, सुमित, ऊषा एवं बबीता देवी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### संदिग्ध हालात में महिला युवती लापता, केस दर्ज

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव राजपुरा भैण निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 मई को उसकी पत्नी गायब हो गई। दोनों अभिभावको ने उन्हें तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### दिल्ली में चमके सफीदों के खिलाड़ी, जीते पदक

**जींद।** जीएमएसएसएस सफीदों की खेल नर्सरी के खिलाडि़यों ने दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते अनेक पदक और श्रेष्ठ स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोच परमोद ने बताया कि अंडर 16 वर्ग में मनप्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत जीता। वहीं अंडर 14 वर्ग में मोहित ने पांचवां, कृष ने सातवां, परनीत ने 11वां व 15वां, तुषार ने 18वां, प्रिंस ने 19वां तथा विवेक ने 25वां स्थान हासिल किया। लड़कियों के वर्ग में मुक्ता ने चौथा स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

### अनाज मंडी में आभार कार्यक्रम 25 मई को

**उचाना।** गेहूं की खरीद प्रक्रिया से लेकर उठान तक बेहतर पुख्ता प्रबंधन होने पर 25 मई को मार्केट कमेटी कार्यालय में आभार कार्यक्रम आयोजित होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस बार गेहूं के नए नियमों के चलते विपक्ष किसान, आढ़तियों को बहकाने के लिए भ्रामक प्रचार किया। विधायक द्वारा यहां पर अधिक से अधिक प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए गए।

### श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल 11 माह से बंद

**जींद।** गांगोली में भवन निर्माण कामगार यूनियन की ब्लॉक कमेटी की मीटिंग ब्लॉक प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसको संबोधित करते यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ब्लॉक सचिव राजेश भम्भेवा ने कहा कि श्रम विभाग की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 15 जून को पिल्लूखेड़ा ब्लॉक मजदूर महापंचायत होगी। इसमें सभी जन संगठन, पंचायत, जिला पार्षद, पंचायत समिति, विपक्ष को आमंत्रित किया जाएगा। पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के गांव-गांव जाकर मजदूर विरोधी सरकार की नीतियों को उजागर करते हुए श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री के पुतले दहन करेंगे।

## लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# स्वास्थ्य विभाग ने 48 कैंप लगा 66 हजार 523 की स्क्रीनिंग की

### अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आपसी समन्वय से करें कार्य

गांव-
गांव व वार्ड स्तर तक जागरूकता गतिविधियां बढ़ाई जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इससे पूर्व एएस एंड एमडी (एनएचएम) ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि अभियान को गंभीरता से लेते सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके और टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सके। कहा कि टीबी केवल स्वास्थ्य संबंधी बीमारी नहीं बल्कि सामाजिक चुनौती भी है। इसे समाप्त करने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, नगर निकायों, पंचायत राज संस्थाओं तथा आमजन को भी अभियान से जोड़ा जाए और गांव-गांव व वार्ड स्तर तक जागरूकता गतिविधियां बढ़ाई जाएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों, झुग्गी बस्तियों तथा संवेदनशील इलाकों में स्क्रीनिंग और जांच गतिविधियों को और तेज किया जाए। संभावित मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित कर जांच के तुरंत बाद उपचार शुरू कराया जाए तथा उपचार के दौरान मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया जाए ताकि कोई भी मरीज बीच में दवा न छोड़े। निक्षय पोषण योजना के तहत पात्र मरीजों को समय पर पोषण सहायता एवं राशन उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड कर टीबी संबंधी जानकारी एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ भी लिया जा सकता हैं। इस ऐप के माध्यम से टीबी मरीजों को इलाज, दवा, फॉलोअप और सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध होती है।


जींद। वीसी में भाग लेते स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डीपीसी संदीप गोयत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के तीसरे चरण में 24 मार्च 2026 से जिले में अब तक 48 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें 66 हजार 523 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई है। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में फ्री एक्सरे, बलगम जांच, सीवाई टीबी, बीपी व शुगर की जांच की जाती है तथा संभावित रोगियों की पहचान कर उनका तुरंत इलाज शुरू किया जाता है। उन्होंने बताया कि लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, शाम के समय बुखार रहना, रात में पसीना आना और कमजोरी महसूस होना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर जांच कैंपों में या नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाना है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डा. विनीता व डीपीपीएमसी कोमल मौजूद रही।


जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## विद्यालयों के नियमित निरीक्षण से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार संभव

- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में डीपीआईयू बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्तर पर डीपीआईयू बैठक का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले के सभी खंडों में चल रही निपुण गतिविधियों, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, छात्र उपस्थिति तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि निपुण डैशबोर्ड पर कक्षा एवं अध्यापक अपडेट रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रत्येक खंड में निपुण गतिविधियों के आधार पर पांच सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों तथा पांच कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की सूची पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यालयों की उपलब्धियों और कमियों का विश्लेषण करते आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। एसपीआईयु सदस्य आयुषी राय ने जिला स्तरीय पी पी टी से जिले की निपुण गतिविधियों को दिखाया। बैठक के दौरान बाल वाटिका में शून्य नामांकन वाले विद्यालयों की सूची तथा 10 या उससे कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक एवं मिडिल विद्यालयों का भी विस्तार से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने ऐसे विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय से जोडऩे के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः स्कूलों में लाने के लिए खंड स्तर पर प्रभावी रणनीति तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया । इसके अतिरिक्त आगामी पीटीएम के सफल आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। । जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एफएलएन विजिट पूरी नहीं की गई है, उनसे लिखित रूप में कारण सहित रिपोर्ट ली जाए। कहा कि विद्यालयों के नियमित निरीक्षण से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार संभव है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, देश को आगे बढ़ाओ

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत बरसोला गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। एमपीएचडब्ल्यू सुमित कुमारी व अंजू रानी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते संतान उसी की देन है और लड़का व लड़की एक समान है। हम किसी के भी भाग्य विधाता नही हैं। ईश्वर द्वारा ही सब कुछ निर्धारित होता है। इसलिए ईश्वर ही कर्ता है। कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है।


जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ लेते ग्रामीण।


जींद। पानी की छबील लगाए एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### एबीवीपी ने भीषण गर्मी में लगाई छबील

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बढ़ती गर्मी एवं तपते मौसम को देखते हुए चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में ठंडे एवं मीठे पानी की छबील लगाई गई। परिषद के इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में परीक्षा देने आने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों ने छबील पर पहुंचकर ठंडा पानी पिया और परिषद के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच यह छबील विद्यार्थियों के लिए राहत का केंद्र बनी रही। परिषद कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह एवं सेवा भाव के साथ विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय स्टाफ को पानी पिलाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन, प्रोफेसर्स, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग कर्मचारियों ने भी छबील में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा एबीवीपी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

### व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी

**अलेवा।** गांव नगूरां के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता पर आधारित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट ईक्कस से जिला नोडल अधिकारी गगनदीप ने की तथा मुख्य रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां की चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने भाग लिया। इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। छात्राओं को सैनिटरी पैड का सही उपयोग करने के अलावा प्रत्येक चार से छह घंटे में पैड बदलने, हाथों की स्वच्छता, स्वच्छ शौचालय के उपयोग, पर्याप्त पानी पीने तथा आयरन युक्त एवं संतुलित आहार लेने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।


नगूरां राकवमावि में छात्राओं को जागरूक करती चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा।


जींद। वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की

**जींद।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर लगातार गंभीरता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, उनके निपटान तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की । उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 10 हजार 919 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8 हजार 805 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। शेष 216 लंबित शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान एसडीएम सत्यवान मान, डीडीपीओ संदीप सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।


जींद। कैंप गतिविधियों में भाग लेते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### कैडेट्स को ड्रोन संचालन करना सिखाया

**जींद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में 15 हरियाणा एनसीसी बटालियन जींद द्वारा आयोजित एटीसी कैंप के पांचवें दिन कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। दिन की शुरुआत सुबह फुट ड्रिल एवं आर्म ड्रिल से हुई। इसके पश्चात कैडेट्स को राइफल, वेपन लोडिंग, ड्रोन संचालन, रस्सी का गठबंधन की कक्षाएं करवाई गई। डा. रमेश पांचालए डिप्टी सीएमओ जींद ने कैडेट्स को स्वास्थ्य एवं हाइजीन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आत्मरक्षा के अंतर्गत आत्मरक्षा में अंतःसंस्था विषय पर विचार विमर्श, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी आदि खेलकूद की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इसके साथ ही कैडेट्स को सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवाई गई। ये सभी गतिविधियां कैंप कमांडर सीओ कर्नल जगज्योत सिंह ढोड़ी के निरीक्षण में संपन्न हुईं। कैंप के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्वए टीम भावना और राष्ट्रीय चेतना का विकास हो रहा है।

## 'पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि आने वाले पंजाब के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्पष्ट बहुमत से बनेगी। आप की सरकार भगवंत मान से पंजाब का किसान, मजदूर, गरीब आदमी हताश व परेशान है। पंजाब में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। पंजाब के लोग आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय भाजपा ने जो पंजाब की जिम्मेदारी सौंपी है, वह लगातार पंजाब में लोगों के बीच में रह कर मीटिंग करके जिसमें लोगों की भारी भीड़ जमा होती है। पार्टी के अंदर लोगों को शामिल करवा रहे हैं। क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस का भी लंबे समय से राज रहा है। कांग्रेस से लोग ऊब चुके हैं। वहां पर किसी भी दल का कोई जनाधार नही रहा है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनती जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश सुरक्षित



जिस प्रकार से हरियाणा प्रदेश में निकाय चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है। इसलिए हरियाणा में भी क्षेत्रीय दल व कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो चुके हैं कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह दोनों मिल कर देश को विश्व के स्तर पर पहुंचा रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान, मजदूर, गरीब आदमियों के बीच में रह कर लोगों की हर समस्या को पहचान लेते हैं और पूरी तरह से विकास के कार्य कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षा की दृष्टि से व विकास की दृष्टि से पूरी तरह से सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। कंडेला ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते कहा कि ये लोकसभा चुनाव में लूट मचाने के लिए इकट्ठे होते हैं। जिसको पूरी तरह से जनता ने पहचान लिया है।


उचाना। भारतीय टीम में चयनित हैंडबॉल खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए।

### चयनित आयुष वैद को किया सम्मानित

**उचाना।** डूमरखां खुर्द के आयुष वैद पुत्र प्रदीप वैद ने भारतीय हैंडबॉल टीम में चयनित होने पर हरियाणा वाल्मीकि महासभा ने अपने पूरे संगठन और समाज की तरफ से सम्मानित किया। महासभा के जिला प्रधान संजीव वैद बधाना ने कहा कि आयुष वैद ने देश, प्रदेश और वाल्मीकि समाज का नाम रोशन किया है। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, वह अपनी सफलता से खुद अपना रास्ता बनाती है। आयुष की यह सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे समाज के गौरव का प्रतीक है। आयुष ने साबित कर दिया है कि बुलंद हौसलों और नेक इरादों से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनकी मेहनत ने आज जींद का नाम पूरे देश में चमका दिया है। उन्होनें कहा कि बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और प्रोत्साहन की जरूरत है। आयुष की यह कामयाबी समाज के हर उस बच्चे को हिम्मत देगी जो अपने सपनों को पूरा करना चाहता है। वह आज के युवाओं के लिए एक रोल मॉडल बन चुके हैं।आयुष भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा और देश के लिए मेडल जीतकर लाएगा।

## 100% दिव्यांग के साथ एक सहायक को भी सुविधा, राज्य परिवहन विभाग ने जारी किए आदेश

# 40 से 99 प्रतिशत दिव्यांग यात्रियों को साधारण परिवहन बसों में मिलेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

40 से 99 प्रतिशत दिव्यांग यात्रियों को बड़ी राहत देते राज्य परिवहन विभाग की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा देने का आदेश जारी किया है। हालांकि इसकी घोषणा पहले ही कर दी गई थी लेकिन परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अब नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 40 प्रतिशत से लेकर 99 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले व्यक्ति हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में



निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। यह सुविधा प्रदेश के लोगों को राज्य की सीमा के भीतर, चंडीगढ़ व दिल्ली तक की यात्रा के लिए मिलेगी। इसके लिए दिव्यांग व्यक्तियों को यूडीआइडी कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखना होगा। रोडवेज परिचालक या चेकिंग टीम द्वारा मांगने पर कार्ड दिखाना जरूरी होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति के साथ एक सहायक को भी मुफ्त यात्रा सुविधा मिलती रहेगी लेकिन यह सुविधा केवल उसी स्थिति में लागू होगी जब सहायक दिव्यांग व्यक्ति के साथ यात्रा कर रहा हो। परिवहन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों की जानकारी देने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह फैसला वित्त विभाग की सहमति के बाद लागू किया गया है। माना जा रहा है कि सरकार के इस निर्णय से दिव्यांग यात्रियों को आर्थिक राहत मिलेगी और उनकी आवाजाही पहले से आसान हो जाएगी। हालांकि दो सप्ताह पहले सीएम ने इसकी घोषणा की थी लेकिन ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ था। अब विभाग ने आदेश जारी कर इसे सख्ती से लागू करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि जींद डिपो में लगभग 165 रोडवेज बस हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। डिपो की बसों में हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे एक दिन में लगभग 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। रोडवेज बसों में बुजुर्गों, विद्यार्थियों, दिव्यांग सहित अन्य यात्रियों को रियायती व मुफ्त सफर करने की सुविधा है।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से पत्र जारी

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि रोडवेज साधारण बसों में 40 से 99 दिव्यांग यात्री रोडवेज साधारण बसों में निःशुल्क सफर कर सकते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से पत्र जारी हो चुका है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।


नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आकर्षक बैग रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अनुशासन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैग प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों के स्कूल बैगों की जांच की । जिसमें साफ.-सफाई, सुव्यवस्थित सामग्री तथा अनुशासन को आधार बना कर मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपने सुंदर एवं व्यवस्थित बैगों के माध्यम से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा श्रेष्ठ एवं आकर्षक बैग रखने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उत्साह और खुशी का वातावरण देखने योग्य था। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता अनुशासन, जिम्मेदारी तथा अपनी वस्तुओं को व्यवस्थित रखने की आदत विकसित करना था। प्रधानाचार्य अनिल चहल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नही बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है।

**खबर संक्षेप**

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 82 को जांचा

**सीवन।** सांसद नवीन जिंदल के जनसेवा संकल्प को साकार करते हुए नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन सीवन के वार्ड नंबर 7 में पहुंची, जहां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। डॉ. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने कुल 82 लोगों की जांच की। इनमें 72 मरीजों की ओपीडी कर उन्हें मौके पर ही निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं।

## उच्च रक्तचाप के लक्षण बचाव के उपाय बताए

**राजौंद।** गांव गुलियाना के स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से 'हाइपरटेंशन डे' मनाते हुए लोगों को उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को उच्च रक्तचाप के लक्षणों और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## पूंडरी में दिव्य गीता सत्संग का आगाज

**पूंडरी।** श्री कृष्ण कृपा कथा आयोजन समिति व भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी की ओर से पूंडरी की अनाज मंडी में होने वाली तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया। पूंडरी की अनाज मंडी में होने वाले इस आयोजन को लेकर नाग ह्रदय कुंड पूंडरी से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई।

## सड़क पर गिरा पेड़, घंटों तक ठप रही आवाजाही

**राजौंद।** गांव जाखौली के पास असंध-कैथल मार्ग पर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब सड़क किनारे खड़ा एक विशाल पेड़ अचानक सड़क के बीचों-बीच गिर गया। पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पेड़ गिरने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई वाहन चालकों को मजबूरन वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

## छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया मीठा पानी

**राजौंद।** भीषण गर्मी के बीच असंध रोड पर स्थित बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के सामने राहगीरों के लिए ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाकर उनकी प्यास बुझाई गई। इस दौरान राह चलते लोगों, मजदूरों और वाहन चालकों को ठंडा मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दी गई।आयोजकों ने बताया कि ज्येष्ठ माह की तपती गर्मी में ठंडा पानी और शरबत पिलाना पुण्य का कार्य माना जाता है।

## गर्मी में जल सेवा ही सबसे बड़ा धर्म: प्रधान

**कैथल।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए जाट हाई स्कूल सोसाइटी ने जाट कॉलेज के गेट नंबर 6 पर ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाई। प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि गर्मी में जल सेवा सबसे बड़ा धर्म है। लोगों से अपील की कि वे न सिर्फ इंसानों बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें। सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य, स्टाफ व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# करनाल रोड-नए बस स्टैंड पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के विरोध में प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अनिश्चितकालीन धरने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में सचिवालय के पास करनाल रोड और नए बस स्टैंड पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के विरोध में लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को नगर सुधार समिति कैथल के बैनर तले शहरवासियों, व्यापारियों और प्रॉपर्टी डीलरों ने सचिवालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए साफ चेतावनी दी कि यदि फ्लाईओवर और अंडरपास की बजाय एलिवेटेड रेलवे ट्रैक नहीं बनाया गया तो शहर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

■ सरकार शहरवासियों की भावनाओं को नजरअंदाज कर रही

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शहर के बीच बने रेलवे फाटक पहले ही लोगों के लिए बड़ी परेशानी बने हुए हैं। ऐसे में अलग-अलग जगह फ्लाईओवर और अंडरपास बनने से बाजारों, दुकानों और रिहायशी इलाकों पर सीधा असर पड़ेगा। व्यापारियों ने कहा कि इससे हजारों लोगों के रोजगार पर खतरा मंडराने लगेगा और शहर की सुंदरता भी बिगड़ जाएगी। लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार शहरवासियों की भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है। उनका कहना था कि कुरुक्षेत्र और रोहतक की तर्ज पर कैथल में भी एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाया जाए, ताकि शहर का विकास भी हो और लोगों का कारोबार भी प्रभावित न हो। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द फैसला नहीं बदला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में बाजार बंद और बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन की रणनीति बनाई जाएगी।



**कैथल।** फ्लाइओवर के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौपते कालोनीवासी।

### कई रिहायशी क्षेत्रों पर भी पड़ेगा असर

प्रदर्शन के दौरान लोग डीसी अपराजिता को सीधे ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान एसडीएम संजय सिंह ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन प्रदर्शनकारियों के एक पक्ष ने उन्हें ज्ञापन देने से इनकार कर दिया और डीसी को मौके पर बुलाने की मांग की। बाद में एसडीएम के समझाने के बाद10 सदस्यीय कमेटी ने डीसी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी णधीर सिंह, प्रवीन शर्मा, सतीश सौंगल, रणधीर फौजी, सुरेंद्र गर्ग और लाजपत सिंगला ने कहा कि जींद रोड पर बने आरओबी के कारण पहले ही शहर का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो चुका है। यदि अन्य रेलवे फाटकों पर भी आरओबी या अंडरपास बनाए गए तो आसपास के बाजार, कॉलोनियां और संस्थान प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक के आसपास जिला सचिवालय, न्यायालय, जाट शिक्षण संस्थान, बस स्टैंड, बाल भवन, श्मशान घाट और हनुमान वाटिका जैसे प्रमुख संस्थान स्थित हैं। वहीं हुड्डा सेक्टर-18, फ्रेंड्स कॉलोनी, सुभाष नगर, डिफेंस कॉलोनी, जनकपुरी, भगत सिंह कॉलोनी और मायापुरी सहित कई रिहायशी क्षेत्रों पर भी असर पड़ेगा।



**कैथल।** लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की नारेबाजी

**कैथल।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने आठवे दिन भी सफल हड़ताल करके जिला सचिवालय कैथल मे धरना-प्रदर्शन जारी रखा। इसमे सैकड़ों की संख्या महिला-पुरुष कर्मचारियों ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करके अपना आक्रोश प्रकट किया। नेतृत्व जिला उप प्रधान नवाजा राम व मंच संचालन राज्य के नेता बीरभान जाखोली ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के राज्य सहसचिव शिवचरण, फायर विभाग के कर्मचारियों के राज्य प्रधान व नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव व राज्य सहसचिव विक्की टाँक ने कहा कि केंद्र व राज्य मे तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं ओर सबका साथ सबके विकास ओर विश्वास का नारा देती हैं लेकिन अपने 11 साल के कार्यकाल मे आज तक एक भी सफाई व सीवर के कर्मचारी को पक्का नही किया। स्थाई प्रवृति के सफाई के कार्य को ठेकेदारो के हवाले करके इन सफाई व सीवरमैन को ठेकेदारो के रहमोकरम पर छोड़ दिया। ठेकेदार कम वेतन देकर ज्यादा काम लेकर इनका शोषण व उत्पीड़न करता है और हक मांगने पर घर भेज देता है। उन्होंने आगे कहा की ग्रामीण सफाई कर्मचारी 15 मई से आपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। राज्य सरकार अभी तक कोई ठोस समाधान नही निकल पाई जबकि गर्मी के मौसम मे सफाई व्यवस्था के बिगड़ने से गंभीर बीमारी का संकट बन सकता है ओर उससे बच्चे व बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित होने का ख़तरा बन सकता है।



**कैथल।** पेट्रोल-डीजल-सीएनजी-रसोई गैस के दामों में बढोतरी को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# महंगाई के विरोध में किया कांग्रेसियों ने रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड के नेतृत्व में कैथल में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। हरियाणा शहीद स्मारक पर धरना देकर शुरू हुए इस आंदोलन में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरने के बाद जिला सचिवालय तक मार्च निकाला गया और जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यातिथि के तौर पर प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला व हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस रोष प्रदर्शन का नेतृत्व किया। राज्यसभा सांसद कर्मबीर बौद्ध, पूर्व विधायक जसबीर मलौर, पूर्व सीपीएस सुल्तान सिंह जड़ौला, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने रेहड़ी पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है।

■ भाजपा ने पेट्रोल, डीजल की बढ़ोतरी से 43 लाख करोड़ रुपये की खुली लूट की : रणदीप

सबसे दुखद यह है कि हरियाणा के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के बजाय बाहरी राज्यों के युवाओं को यहां नौकरियां दी जा रही हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मात्र 8 दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कुल 3.90 प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी की गई है। 15 मई को 3 और 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल 99.37 प्रति लीटर और डीजल 91.86 प्रति लीटर पहुंच गया है। कई जगहों पर पेट्रोल 100 के पार चला गया है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को बेवकूफ समझती है। भाजपा द्वारा जारी अघोषित आपातकाल और कमरतोड़ महंगाई ने हरियाणा की जनता को लूटने, ठगने का काम किया है।

# दीवान्शिका एवं तन्नू ने आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा में बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज की छात्राओं दीवान्शिका एवं तन्नू ने प्रतिष्ठित आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा ) फॉर मास्टर्स उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के माध्यम से विभिन्न आईआईटी संस्थानों एवं भारतीय विज्ञान संस्थान में एम.एससी. गणित कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया जाता है। इसके साथ ही दोनों छात्राओं ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (पोस्टग्रेजुएट) भी उत्तीर्ण किया तथा क्रमशः अखिल भारतीय रैंक 166 एवं 164 प्राप्त कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



**कैथल।** दीवान्शिका एवं तन्नू को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य।

# निर्माणाधीन मुख्य सड़क को पावर ब्लॉकों से बनाए जाने के प्रस्ताव के विरोध में नागरिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शहर में निर्माणाधीन मुख्य सड़क को ब्लॉक पावर ब्लॉकों से बनाए जाने के प्रस्ताव के विरोध में नागरिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने सड़क निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्पष्ट रूप से मांग रखी कि सड़क ब्लॉकों की बजाय तारकोल (काली) सड़क बनाई जाए। देर शाम करीब 7 बजे के आसपास महाराणा प्रताप चौक पर बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित हुए और उन्होंने विरोध जताया। हालांकि अभी तक सड़क पर ब्लॉक नहीं लगाए गए हैं, लेकिन संभावित निर्माण को लेकर लोगों में असंतोष देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ब्लॉकों की सड़क ज्यादा टिकाऊ नहीं होती और इससे आमजन को परेशानी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क ब्लॉकों से बनाई गई तो वे इसका और भी बड़ा विरोध करेंगे। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि सड़क को तारकोल युक्त मजबूत काली सड़क के रूप में ही बनाया जाए।



**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक पर निर्माणाधीन सड़क को ब्लॉकों से बनाने के विरोध में नारेबाजी करते नागरिक।

■ सड़क को तारकोल युक्त मजबूत काली सड़क के रूप में ही बनाएं



**पूंडरी।** छात्र को सम्मानित करते हुए विधायक सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

### मेधावी छात्र सचिन को विधायक ने किया सम्मानित

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी के मेधावी छात्र सचिन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने छात्र सचिन को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और मेहनत व लगन के बल पर छात्र नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सुरेंद्र हुड्डा ने भी सचिन की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि सचिन शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र रहा है। स्कूल प्रबंधक दीपक वालिया ने कहा कि सचिन की सफलता ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नए नियमों की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें : अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने स्थानीय नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा नए नियमों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित किया जाए। बल्क वेस्ट जनरेटर संस्थानों की पहचान करें और उनको वेस्ट सेग्रीगेशन के नए नियमों के बारे में बताएं। साथ ही आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

डीसी अपराजिता ने स्वच्छ भारत मिशन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के क्रियान्वयन, कचरा प्रबंधन, डंप साइट सुधार, प्लास्टिक वेस्ट नियंत्रण और जनजागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई। डीसी अपराजिता ने वेस्ट सेग्रीगेशन के नए नियमों पर विशेष जोर दिया और बताया कि अब कचरे को चार श्रेणियों में अलग किया जाएगा, जिसमें सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट शामिल है। इसके लिए कचरा संग्रहण व्यवस्था को भी आवश्यक रूप से मजबूत किया जाए। इसको लेकर एक एसओपी जारी की जाएगी। जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों तथा पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इस अवसर पर डीएमसी कपिल शर्मा, डीएसपी बीरभान, एआईपीआरओ अमित कौशिक तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर डीसी अपराजिता ने ली अधिकारियों की बैठक



डीसी अपराजिता



**कैथल।** स्कूल में योगाभयास करते स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग में 12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर दूसरे दिन भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों और स्थानीय मार्शलों ने बड़े पैमाने पर उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। शिविर के सफल संचालन में अनूप धीरेन और मोहन लाल डीपीई की राय भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। जिसके बाद सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया।



**कैथल।** योगाभयास करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने सीखे योग और प्राणायाम के गुर

**कैथल।** विश्व योग दिवस 2026 की पूर्व तैयारियों के तहत जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से कैथल जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करते उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद के सीईओ एवं योग दिवस नोडल अधिकारी सुरेश राविश की देखरेख में तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में किया गया।



**कैथल।** डीसी अपराजिता बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निपटारा करें अधिकारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन की शिकायतों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निपटाया जाए। शिकायतों के समाधान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को एक ही समस्या को लेकर बार-बार समाधान शिविर, सीएम विंडो या अन्य माध्यमों पर शिकायत दर्ज करवाने की आवश्यकता न पड़े।

**बैठक** | सभी सदस्यों की सहमति से रामदत्त गिरी महाराज को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

अध्यक्षता षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा कैथल के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज ने की

# षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा की बैठक में जिला इकाइयों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फरल स्थित संत कबीर गरीबदासी आश्रम, फल्गु तीर्थ में षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा की एक महत्वपूर्ण आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा कैथल के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज ने की। बैठक में समाज के संगठन विस्तार, जिला इकाइयों के गठन तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पूर्व में लिए गए निर्णयों को पुनः लागू करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही कैथल जिला इकाई के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों की सहमति से रामदत्त गिरी महाराज को षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा की कैथल जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें जिला कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी प्रदान किया गया तथा हरियाणा इकाई को नियमित रूप से रिपोर्ट करने के लिए अधिकृत किया गया। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र जिला इकाई का गठन भी किया गया, जिसमें महंत जनार्दन दास जी महाराज को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें भी जिला स्तर पर कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा समाज की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा के महामंत्री संत सुनील दास कबीर, संगठन महामंत्री साध्वी स्नेह दास फल्गु तीर्थ, महासचिव ईश्वरदास, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि कुरुक्षेत्र तथा विशाल दास भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**पूंडरी।** फरल में आयोजित बैठक में भाग लेते साधु समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

बैठक में करनाल जिला इकाई का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से महंत राजेंद्र दास गढ़ी बीरबल को करनाल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें भी अपनी कार्यकारिणी गठित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा कुरुक्षेत्र को भेजने का अधिकार दिया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से महंत हरि नारायण गिरी को षड़ दर्शन साधु समाज हरियाणा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महंत राम अवतार दास सहित अनेक संत-महात्मा एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की एकता, मजबूती और समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## पार्षद विक्की ने विधायक सतपाल जांबा में जताई आस्था

**पूंडरी।** पूंडरी नगरपालिका की राजनीति में उस समय नया मोड़ आ गया जब वार्ड नंबर 8 के पार्षद विक्की ने विधायक सतपाल जांबा में अपनी आस्था जताते हुए उनके साथ मजबूती से खड़े रहने का ऐलान किया। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद नगरपालिका की सियासत में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इस मौके पर पार्षद मुलतान सिंह गोलन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। पार्षद विक्की ने विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पूंडरी क्षेत्र में लगातार विकास को गति मिल रही है और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक सतपाल जांबा आमजन की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में सडक, पेयजल, सफाई और अन्य विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### चिराग स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**नरवाना।** स्थानीय पटेल नगर स्थित चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना के प्रांगण में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय हर साल इसी तरह अपनी अनमोल प्रतिभाओं को सम्मानित करता आया है। जिन्होंने अपनी पढ़ाई में जहां भी रहे, सफलता अर्जित की। इसी परंपरा को निभाते हुए इस विशेष अवसर पर विद्यालय के उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

### एडीआर सेंटर में पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए वर्कशॉप

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला, सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर के सभागार में पैनल अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने की। प्राधिकरण सचिव अमित सिहाग ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स को संबोधित करते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 नामक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

### बुक डिपो संचालक बेच रहा था नकली पुस्तकें

**कैथल।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता एवं थाना शहर कैथल पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पिहोवा चौक कैथल स्थित नवीन बुक डिपो पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी पुस्तकें बरामद की हैं। मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई मुकेश द्वारा करते हुए आरोपी दुकान संचालक हुड्डा सेक्टर 19 निवासी नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया की मुख्यमंत्री उड़नदस्ता कुरुक्षेत्र/कैथल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पिहोवा चौक स्थित नवीन बुक डिपो में एनसीईआरटी की नकली पुस्तकों का अवैध रूप से भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा है।

### देसी पिस्तौल सप्लाई करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वालो पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक असला सप्लायर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा पूंडरी से पैदल पैदल नहर पुल फरल की तरफ आए आरोपी पुण्डरी निवासी भविष्य उर्फ मान को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुई थी।

# सीआरएसयू में तीसरी आंख से रखी जाएगी विद्यार्थियों पर नजर
# सीआरएसयू ने डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ाया ऐतिहासिक कदम

## कुलगुरु ने किया कंट्रोल रूम और परीक्षा केंद्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद ने प्रदेश में परीक्षा प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और नकल मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए डिजिटलाइजेशन आधारित परीक्षा व्यवस्था लागू की है। विश्वविद्यालय हरियाणा का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने परीक्षाओं में डिजिटल निगरानी प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में डिजिटल कैमरों की व्यवस्था की है ताकि विद्यार्थियों की प्रत्येक गतिविधि परसतत निगरानी रखी जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः नकल मुक्त, पारदर्शी एवं अनुशासित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल माना जा रहा है। डिजिटल कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत रोका जा सके।

### पारदर्शी परीक्षाओं की दिशा में बड़ा बदलाव : वीसी

**कुलगुरु ने जांचीं व्यवस्थाएं**

विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रोग्राम पाल सैनी ने परीक्षा केंद्रों एवं कंट्रोल रूम का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुलगुरु ने परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों से भी बातचीत की तथा उन्हें ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सैनी ने कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का युग है तथा शिक्षा संस्थानों को समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षाएं करवाना नही बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्योंए अनुशासन और पारदर्शिता की भावना विकसित करना भी है।



जींद। कंट्रोल रूम का जायजा लेते हुए वीसी प्रो. रणपाल।

### बारकोड व सीसीटीवी से परीक्षा व्यवस्था हुई अधिक पारदर्शी

इस प्रणाली के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं पर बारकोड का उपयोग करते हुए अभ्यर्थियों की उपस्थिति डिजिटल माध्यम से दर्ज की जाती है। इससे अभ्यर्थियों द्वारा उपस्थिति विवरण भरते समय होने वाली गलत प्रविष्टियों में कमी आएगी तथा परिणाम घोषित होने में होने वाली अनावश्यक देरी की समस्या का प्रभावी समाधान संभव होगा। इसके अतिरिक्त चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा मई 2026 से आयोजित परीक्षाओं में केंद्रीकृत सीसी टीवी निगरानी प्रणाली भी लागू की गई है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं के दौरान अनुचित गतिविधियों एवं अनधिकृत व्यवहार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखना है। साथ ही यह प्रणाली दूरस्थ ;तमउवजमद्ध निगरानी तंत्र को मजबूत बनाकर परीक्षा प्रक्रिया को अधिक निष्पक्षए सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने में सहायक सिद्ध होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्थाएं विकसित कर रहा है। जिससे उनकी डिग्री की विश्वसनीयता और गुणवत्ता राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत हो सके। परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार इस प्रकार की डिजिटल परीक्षा निगरानी व्यवस्था लागू की गई हैद्ध जिसमें प्रत्येक परीक्षा कक्ष को कैमरों से जोड़ा गया है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर एक साथ नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## दाखिला 31 तक, संशोधन के लिए 1 जून तक करें आवेदन

# महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिला प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

*दस्तावेजों की जांच 9 मई से 6 जून तक, 10 जून को लगेगी पहली प्रोवजिनल लिस्ट*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के शेड्यूल को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने अधिकारिक पत्र जारी किया है। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार हालांकि पहले की तरह आवेदन 31 मई तक होंगे। विद्यार्थी आवेदन में संशोधन के लिए एक जून तक अप्लाई कर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच नौ मई से छह जून तक होगी। 10 जून को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके बाद पहली मेरिट लिस्ट 12 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 से 15 जून तक फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जून तो फाइनल दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 18 जून से लेकर 22 जून तक फीस जमा करवा पाएंगे। इसके बाद खाली सीटों पर फिजिकल काउंसिलंग 24 जून से शुरू होगी। इसके बाद 25 जून से दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन या पहले किए आवेदन में बदलाव कर सकेंगे। इसके बाद भी खाली सीटों पर दाखिले के लिए 100 रुपये लेट फीस के साथ 26 जून से दो जुलाई तक दाखिले होंगे। इसके बाद भी अगर सीट खाली बच जाती हैं तो तीन जुलाई से लेकर 10 जुलाई तक 100 रुपये पहले वाली लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिले होंगे। सात मई से कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हुए थे। शहर के संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में अलग-अगल 13 कोर्स में 462 आवेदन आ चुके हैं। जबकि राजकीय महिला कालेज में चल रहे नौ कोर्स में 312 आवेदन आए हैं। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में बीए आट्र्स में 600 सीटों पर 209 आवेदन, बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर छह आवेदन, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 12, बीए ज्योग्राफी में 40 सीटों पर 19, बीए हिस्ट्री में 40 सीटों पर सात, बीबीए में 40 सीटों पर 23, बीकाम में 220 सीटों पर 62, बीसीए में 120 सीटों पर 71, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 53, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 35, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन केमिस्ट्री में 40 सीटों पर 16, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 40 सीटों पर 25 व बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन फिजिकस में 40 सीटों पर 18 आवेदन आए हैं।

**पहली मेरिट लिस्ट 12 जून को होगी जारी**



संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक।

- 10 जून को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### राजकीय महिला कालेज में आए आवेदनों का ब्योरा

गोहाना रोड स्थित राजकीय महिला कालेज में अलग-अलग नौ कोर्स में अब तक 312 आवेदन आ चुके हैं। बीए आट्र्स में निर्धारित 400 सीटों पर 159, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 17, बीए ज्योग्राफी में 40 सीटों पर 16, बीकाम में 200 सीटों पर 37, बीसीए में 60 सीटों पर 39, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 60 सीटों पर 48, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 160 सीटों पर 25ख बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 15 और बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन फिजिक्स में 30 सीटों पर 10 आवेदन आए हैं।

### दूसरी मेरिट लिस्ट 15 जून को जारी होगी

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार पहली मेरिट लिस्ट 12 जून को जारी होगी। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होगी। इसके बाद भी अगर खाली सीट रह जाती हैं तो फिजिकल काउंसिलिंग के तहत 24 जून से लेकर 10 जुलाई तक दाखिले होंगे। इच्छुक विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा संकाय में दाखिले के लिए आवेदन करें। आवेदन करते समय सभी जानकारी ध्यान से भरें।



जींद। पौधा रोपण करते हुए अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# जैव विविधता संरक्षण मानव जीवन की सुरक्षा का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन और उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में गांव पांडू पिंडारा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में आमजन एवं विद्यार्थियों को जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने तथा डीडीपीओ संदीप भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर बीडीपीओ जींद तथा रेंज ऑफिसर जींद भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव पांडू पिंडारा के सरपंच कुलदीप मलिक ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने कहा कि जैव विविधता की रक्षा ही मानव अस्तित्व की वास्तविक गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति, वन्य जीव एवं वनस्पतियां मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान भी किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सरपंच कुलदीप मलिक ने गांव में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पेड़, पौधे लगाने से पर्यावरण संतुलित एवं स्वच्छ बना रहेगा। इस अवसर पर वन विभाग से जींद रेंज ऑफिसर अमित शर्मा, छवि तकनीक सहायता समूह से सतीश शर्माख न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी से मुकेश, ग्राम सचिव अजय सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आज रोहतक में होगा सद्भाव यात्रा का समापन: सज्जन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

मार्केट कमेटी चेयरमैन सज्जन सिंह ने कहा कि प्रदेश के 89 हलके में बीते 7 महीनों से पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में जा चुकी है।



सद्भाव यात्रा 23 मई को 90वें हलके रोहतक में पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। 8 मई को गुरूग्राम में यात्रा के अंतिम चरण में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहुंच कर यात्रा एवं बृजेंद्र सिंह, सद्भाव यात्रियों की जमकर तारीफ करते हुए यात्रा को राष्ट्रीय कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस के साथ-साथ उनके खुद का समर्थन होने की बात खुले मंच से कही। राहुल गांधी ने बृजेंद्र सिंह द्वारा की गई अपील के बाद कहा कि इस तरह की यात्राएं हर प्रदेश में कांग्रेस को निकाली चाहिए ताकि कांग्रेस के साथ लोगों का अधिक से अधिक जुड़ाव हो।

प्रदेश के कौने-कौने से लोग समापन पर पहुंचेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा निकाली गई। मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग, रामकुमार घोघड़िया, कुमार अनिल, अनूप श्योकंद, राममेहर दनौदा, सुरेंद्र श्योकंद सफा खेड़ी ने भी सदभाव यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बताया।

**लोगों ने किया स्वागत**

प्रदेश के इतिहास में सबसे अधिक दिनों तक चलने वाली यात्रा का रिकॉर्ड सदभाव यात्रा के नाम दर्ज हो गया है। लगातार 7 महीने तक 2800 किलोमीटर से अधिक पैदल यात्रा आज तक किसी ने नहीं की है। इस यात्रा से प्रदेश में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव होता नजर आएगा। ऐसा कोई हलका नहीं जहां यात्रा का लोगों ने जबरदस्त स्वागत नहीं किया हो। सदभाव यात्रा को मिली सफलता के बाद सत्ता पक्ष के नेताओं की नींद उड़ गई है। सत्ता पक्ष के नेता निरंतर सदभाव यात्रा को लेकर तरह-तरह के बयान देते नजर आए। इससे साफ है कि सदभाव यात्रा से सत्तापक्ष घबरा गया है। रोहतक में यात्रा का बड़े स्तर पर समापन होगा।

### आरकेएसडी कॉलेज ने दी कंप्यूटर सेल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की निःशुल्क सुविधा

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए महाविद्यालय के आधुनिक कंप्यूटर सेल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जहाँ स्टाफ विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, विषय चयन, दस्तावेज अपलोड, स्कैनिंग एवं अन्य तकनीकी कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी प्रवेश केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं मेरिट आधारित होगी तथा विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा करना चाहिए।

# 315 बोर देसी पिस्तौल तथा एक कारतूस सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सीआईए-1 पुलिस द्वारा चीका क्षेत्र से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 315 बोर देसी पिस्तौल तथा 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान शहीद उधम सिंह चौंक चीका क्षेत्र में मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की वार्ड नं 3 चीका निवासी उमेश उर्फ मिशी पैदल पैदल चीका से बलबेड़ा की तरफ जा रहा है जिसके पास अवैध देशी पिस्तौल है। पुलिस द्वारा सतर्कता व मुस्तैदी का परिचय देकर की गई त्वरित कार्रवाई दौरान नहर पुल बलबेडा रोड चीका के आस-पास सड़क पर छुपाव करते हुए उमेश की निगरानी शुरू की गई। कुछ समय बाद एक नौजवान लड़का चीका की तरफ से पैदल पैदल आते हुए दिखाई दिया। जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम द्वारा नौजवान लड़के को मौके पर ही काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान वार्ड नं 3 चीका निवासी उमेश उर्फ मिशी के रूप में हुई। जांच के दौरान उक्त आरोपी उमेश कब्जे से एक 315 बोर का अवैध पिस्तौल व 1 कारतूस बरामद हुआ। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज करके उमेश को शस्त्र अधिनियम तहत एचसी धनपत सिंह द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।




कैथल। अवैध असले सहित काबु किया गया आरोपी सीआईए-1 पुलिस गिरफ्त में।

### एबीवीपी ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को गंभीरता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। एबीवीपी ने स्पष्ट कहा कि यदि विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो परिषद व्यापक छात्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। परिसर में विद्यार्थियों को आ रही दैनिक समस्याओं, शैक्षणिक आवश्यकताओं तथा परिवहन एवं सुविधाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### सील हुई संपत्ति पर कब्जा करने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल शहर पुलिस ने नानकपुरी कॉलोनी में बैंक कब्जे वाली संपत्ति का ताला तोड़कर दोबारा अवैध रूप से कब्जा करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों पर बैंक ने सरफेसी एक्ट के तहत कब्जे में ली गई प्रॉपर्टी में घुसपैठ करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में एक्सिस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी आकाशदीप ने बताया कि नानकपुरा कॉलोनी स्थित 75 वर्ग गज के मकान को गजेंद्र कश्यप व उसकी पत्नी सीमा देवी ने होम लोन के बदले बैंक के पास गिरवी रखा था। लगातार किश्तें जमा न होने के कारण खाते को 8 जनवरी 2024 को एनपीए घोषित कर सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई।

## एक साल से अंधेरे में बीत रही थी छात्राओं की रात, पढ़ाई भी हो रही थी प्रभावित

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय सफा खेड़ी की छात्राएं बोलीं- थैक्यू विधायक जी

*विधायक ने अपने निजी फंड से बदलवाई विद्यालय छात्रावास की बैटरी हो चुकी खराब*

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

कस्तूरबा गांधी विद्यालय सफा खेड़ी की छात्राओं ने भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को थैक्यू बोला। विधायक द्वारा अपने निजी फंड से छात्रावास में खराब हो चुके इंवर्टर, बैटरी को बदलवाने के लिए 1.50 लाख भेजे। विधायक के संज्ञान में मामला आया कि बीते एक साल से बिजली जाने के बाद छात्राओं की रात अंधेरे में बीत रही है। छात्राएं बिजली नहीं होने से जाग कर रात बीताती है। विधायक ने तुरंत प्रभाव से अपने कोष से 1.50 लाख रुपए जो इंग्लिश लेक्चरर परविंद्र परूथी थे उनके खाते में भेजे। अब यहां पर बैटरी, इंवर्टर सहित अन्य जो भी समस्या थी उनको दूर किया। यहां पर बीपीएल परिवारों के बच्चे पढ़ाई करने आते है।





उचाना। कस्तूरबा गांधी विद्यालय सफा खेड़ी में रखी गई बैट्री व कस्तूरबा गांधी स्कूल सफा खेड़ी में जानकारी देते हुए छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

**छात्राओं की बिजली समस्या हुई दूर**

छात्रा खुशी ने बताया कि रात को बिजली जाने के बाद पूरी रात बरामदे में बैठकर रात बिताते थे। जब से खराब बैटरी यहां पर बदली गई है तो रात को आराम से सो पा रहे है। पंखे भी खराब थे जो कम चलते थे। अब पढ़ाई भी ठीक हो रही है। इसको लेकर विधायक देवेंद्र अत्री का आभार प्रकट करते है। 10वीं कक्षा में है हमें पढ़ाई भी करनी होती थी। विधायक देवेंद्र अत्री से इसको लेकर मांग की जो पूरी हो गई है। विधायक द्वारा जो वायदा किया था वो वायदा पूरा करने का काम किया है। इंग्लिश लेक्चरार परविंद्र परूथी ने कहा कि विद्यालय में लाइट जाने के बाद बैटरी खराब होने से बिजली की समस्या थी। पूरी-पूरी रात छात्राएं बरामदे में बैठकर समय बिताती। रात को सो न पाने के चलते कक्षा में सो जाती थी। इस समस्या के बारे में विधायक देवेंद्र अत्री को अवगत करवाया। विधायक ने कहा था कि जो समस्या है वो दूर करें वो खुद अपने निजी फंड से रुपए देंगे।